प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 25.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से **मन की बात** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें
- चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने आमजन से कोरोना संक्रमण से सतर्क रहने की अपील की–उन्होंने कहा कि ओमीक्रोन वेरियन्ट घातक नहीं
- प्रदेश में कई स्थानों पर अंधड और बारिश का दौर–हालांकि पश्चिमी राजस्थान में भीषण गर्मी और लू का असर बरकरारं
- बीकानेर में पर्यावरण पर आज से तीन दिन के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरूआतं

........................................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे **मन की बात** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये 122वीं कड़ी होगीं ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित होगां साथ ही ये कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट, न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप, आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी उपलब्ध रहेगां

........................................................................................

देश के सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों ने कल नई दिल्ली में नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक के दौरान **ऑपरेशन सिंदूर** पर सशस्त्र बलों के लिए एकजुटता और समर्थन जतायां नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति ने रक्षा बलों के शौर्य और भूमिका तथा प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व की सराहना की हैं उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने राज्यों को निर्यात पर ध्यान केन्द्रित करने को कहां उन्होंने एक जिला एक उत्पाद की भी बात कहीं श्री सुब्रमण्यम ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए पूरे देश को एकजुटता दिखानी होगीं

........................................................................................

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने केन्द्र सरकार के वित्त पोषित कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करने का आग्रह भी राज्यों से कियां श्री सुब्रमण्यम ने कहा कि 31 राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों ने नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में भाग लियां उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार भारत चौथी सबसे बड़ी और चार खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में श्री मोदी ने राज्यों से कहा कि हर राज्य एक ग्लोबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित करें वहीं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बैठक में केन्द्र सरकार से राजस्थान में जल और ऊर्जा के लिए अधिक सहयोग का आग्रह कियां

........................................................................................

प्रदेश में एक बार फिर कोरोना वायरस संक्रमण के मामले सामने आने लगे हैं बीते 48 घंटों में राज्य में सात नये मरीज मिले हैं इनमें से चार मरीज जोधपुर के एम्स अस्पताल में और तीन जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज में मिले हैं स्वास्थ्य विभाग इन मामलों को लेकर सतर्क हो गया है और वायरस के प्रकार की पहचान के लिए जीनोम सिक्वेंसिंग करवाई जा रही हैं एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने तीनों संक्रमित मरीजों की जीनोम सिक्वेंसिंग करवाने के निर्देश दिए हैं, जिससे वायरस के वैरिएंट का पता लगाया जा सकें वर्तमान में कोविड का नया सब–वैरिएंट **जेएन.1** फैल रहा है, जिससे कई एशियाई देशों में संक्रमण के मामलों में तेजी आई हैं मीडिया से बात करते हुए स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि फिलहाल पैनिक की स्थिति नहीं हैं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि हाल ही में नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) की बैठक हुई थीं विशेषज्ञों ने बताया कि **जेएन.1, ओमिक्रॉन** के सब–वैरिएंट्स में से है ये ज्यादा घातक नहीं हैं इससे घबराने की जरूरत नहीं हैं यह वायरस गंभीर बीमारियों और मौत का कारण नहीं बनता तथा दवाओं से इलाज संभव हैं सरकार और स्वास्थ्य विभाग की ओर से आमजन से अपील की जा रही

है कि घबराएं नहीं, लेकिन सतर्क जरूर रहें मास्क का उपयोग, हाथ धोना और भीड़भाड़ से बचना जैसी सावधानियां अभी भी प्रभावी उपाय हैं अगर किसी को सर्दी–खांसी या बुखार जैसे लक्षण महसूस हों तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें

.................................................................................

चिकित्सा विभाग ने जयपुर के एसएमएस अस्पताल में गलत खून चढ़ाने से एक महिला मरीज की मौत के मामले को गंभीरता से लिया हैं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कल एसएमएस मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों के साथ बैठक कर मामले की विस्तार से जानकारी लीं मीडिया से बातचीत में चिकित्सा मंत्री ने कहा कि इस मामले की जांच के लिए उच्चस्तरीय कमेटी बनाई गई हैं ये कमेटी मामले की जांच कर दोषियों का पता लगायेगीं उन्होंने कहा कि ऐसी घटना दोबारा नही हो इसके लिए एसएमएस अस्पताल से जुडे सभी चिकित्सालयों के लिये एसओपी जारी की जायेगीं

.................................................................................

प्रदेश में कल कई स्थानों पर मौसम अचानक बदल गयां इसके साथ ही चूरू, हनुमानगढ़, पाली और जोधपुर सहित कई स्थानों पर आंधी और बारिश दर्ज हुईं अंधड से कई स्थानों पर पेड़ और बिजली के खम्भे गिर गये और बिजली आपूर्ति बाधित हुईं राजधानी जयपुर में भी देर रात तेज हवाओं के साथ हल्की बरसात हुईं हनुमानगढ़ में करीब 1 घंटे मूसलाधार बारिश हुई, इससे कई जगह पानी भर गयां सीकर जिले में कई स्थानों पर तेज बारिश हुई और कहीं–कहीं ओले भी गिरें धौलपुर में भी देर शाम से शुरू हुआ रिमझिम बारिश का दौर सुबह तक चलां जोधपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि दिनभर तेज गर्मी और लू के बाद शाम को बरसात का सिलसिला शुरू हुआं

.................................................................................

पश्चिमी राजस्थान में भीषण गर्मी और लू से जनजीवन अस्तव्यस्त हो रहा हैं जैसलमेर में अधिकतम तापमान 47 डिग्री और बाडमेर में 47 दशमलव 6 डिग्री मापा गयां बाडमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रचंड गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं वहीं पशु–पक्षी भी व्याकुल नजर आ रहे हैं

.................................................................................

फलौदी और बीकानेर में भी पारा 46 डिग्री से ऊपर मापा गयां वहीं अजमेर, वनस्थली, कोटा, चित्तौडगढ, चूरू, श्रीगंगानगर, जालौर और पाली में भी दिनभर तेज गर्मी से लोग बेहाल रहें हालांकि शाम को मौसम बदलने और बारिश से लोगों को थोडी राहत मिलीं मौसम विभाग के अनुसार आज से नोतपा शुरू हो रहा हैं
ऐसे में अगले 9 दिनों तक राज्य में मौसम में कई तरह की गतिविधियां देखने को मिलेगी जहां पश्चिमी हिस्सों में हीटवेव का अलर्ट भी दिया गया हैं वहीं कुछ स्थानों पर तेज अंधड और बारिश से लोगों को राहत भी मिलेगीं बीकानेर, जोधपुर संभाग के सीमावर्ती जिलों में अधिकतम तापमान 46 से 48 डिग्री दर्ज होने की संभावना हैं अजमेर, जयपुर और कोटा संभाग में अगले दो–तीन दिनों तक हीटवेव का असर रह सकता हैं वहीं भरतपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती हैं इस बीच मॉनसून कल केरल में प्रवेश कर गया हैं इस बार मॉनसून की एन्ट्री 8 दिन पहले हुई हैं ऐसे में राजस्थान में भी तय समय से पहले मॉनसून के प्रवेश की अनुकूल परिस्थितियां हैं

.................................................................................

बीकानेर में आज से पर्यावरण पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरूआत हो रही हैं **महाराजा** गंगा सिंह विश्वविद्यालय में होने वाले तीन दिन के इस सम्मेलन में सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण में चुनौतियां विषय पर मंथन किया जायेगां विश्वविद्यालय के कुलगुरु आचार्य मनोज दीक्षित ने बताया कि इस दौरान बदलती जलवायु और पर्यावरण के परिप्रेक्ष्य में विकास कार्यक्रमों पर चर्चा की जायेगीं इसके साथ ही कृषि क्षेत्र में कीटनाशकों के उपयोग और उनसे होने वाले नुकसान पर भी विचार विमर्श किया जायेगां श्री दीक्षित ने बताया कि सम्मेलन में 20 देशों के प्रतिभागी और विषय विशेषज्ञ हिस्सा लेंगें

.................................................................................